कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री भागचन्द योगी निवासी ग्राम भोपर टप्पा पाली तहसील महवा जिला दौसा राज0 321608

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी महवा

अपील संख्या 156/2025

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 09.01.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी महवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी मण्डावर को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2025/3233 दिनांक 10.12.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी महवा ने पत्र का कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया है। अपील का अवलोकन किया गया। अपीलांट द्वारा चाही गई संपूर्ण सूचना प्रश्नात्मक है जिसका सूचना का अधिकार अधिनियम में सूचना दिया जाना अपेक्षित नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज किये जाने योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2026.02.12 10:46:29 IST
Reason: SelfAttested